भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †182
सोमवार, 04 दिसम्बर, 2023/13 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर और पार्कों की स्थापना

†182. श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटील:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का महाराष्ट्र में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर और पर्यटन पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सतारा और पुणे संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में स्थापित किए जाने वाले प्रस्तावित ऐसे समूहों और पार्कों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय ने "भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए ''राष्ट्रीय कार्यनीति और रोडमैप- आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक पहल" तैयार की है। कार्यनीति में, अन्य बातों के साथ-साथ, महाराष्ट्र सहित देश में ग्रामीण पर्यटन के लिए गांवों के क्लस्टर को अभिज्ञात करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिपथ को थीमेटिक परिपथों में से एक के रूप में चिह्नित किया था। योजना के ग्रामीण परिपथ के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य सरकार के लिए कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई थी। तथापि, मंत्रालय ने महाराष्ट्र राज्य में अन्य परिपथों के तहत दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटील द्वारा महाराष्ट्र में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर और पार्कों की स्थापना के सम्बन्ध में दिनांक 04.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †182 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(राशि करोड़ रु में)

क्र. सं.	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**	**उपयोग की गई राशि**	**भौतिक स्थिति (%)**	**कार्यान्वयन एजेंसी**
1.	तटीय परिपथ 2015-16	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), मितभाव का विकास	19.06	18.11	16.45	पूर्ण	महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम
2.	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	वाकी-अदासा-धापेवाड़ा-पराड़सिंघा-तेलनखंडी-गिराड का विकास	53.96	32.04	29.64	91.51	नागपुर महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण

****